# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांकः 22.11.2024 को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत आई0एस0ए0 द्वारा कराये गये कार्यों व कार्यों के भुगतान तथा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति के समीक्षा की सम्पन्न बैठक की कार्यवृत्ति–

दिनांकः 22.11.2024 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 3:00 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत आई0एस0ए0 द्वारा कराये गये कार्यों व कार्यों के भुगतान तथा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही।

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
2. उपजिलाधिकारी, तहसील (सदर, मछलीशहर), जौनपुर।
3. तहसीलदार, तहसील शाहगंज, जौनपुर।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
5. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टैक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
6. श्री प्रवीण मोसाले, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी)।
7. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1 अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्वप्रथम भूमि सम्बन्धित प्रकरण पर चर्चा की गयी एवं यह निर्देश दिया गया कि समस्त उपजिलाधिकारी 35 नग भूमि सम्बन्धित प्रकरण को तत्काल निस्तारित करायें एवं जल निगम के सहायक अभियन्ता व जूनियर इंजीनियर निरन्तर तहसील में सम्पर्क कर समस्या का निस्तारण करायें। साथ ही साथ स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में जनपद की समस्त पेयजल परियोजनाओं को समय से पूर्ण करायें।
**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, मेसर्स एफकॉन्स, समस्त उपजिलाधिकारी)**

2. <u>मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)</u>

मेसर्स वेलस्पन द्वारा प्रथम एग्रीमेन्ट की निर्माणाधीन समस्त योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान कम्पनी द्वारा कराये जा रहे कार्यों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा असहमति जताई गयी, तत्पश्चात् 355 नग पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं अपेक्षित प्रगति न होने की स्थिति में नाराजगी व्यक्त की गयी एवं यह निर्देश दिया गया कि अतिशीघ्र कम्पनी द्वारा अपेक्षित प्रगति न लाने पर कम्पनी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 श्री अनिल कुमार सिंह द्वारा यह अवगत कराया गया कि मेसर्स वेलस्पन द्वारा निर्माणाधीन 16 नग पेयजल योजनाओं का सर्वे कराया गया जिसमें से किसी भी योजना पर कार्य आरम्भ नहीं पाया गया, तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा पुनः नाराजगी व्यक्त की गयी।

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | 7171 | 6119 | 196952 | 171891 | 1272 | 1224 | 355 | 210 | 355 | 38 | 882 | 111 |

Scanned with CamScanner

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2024 | 118 | 71.89 |
| 2 | 31.12.2024 | 30 | 67.80 |
| 3 | 31.12.2024 | 54 | 67.54 |
| 4 | 31.12.2024 | 3 | 69.58 |
| 5 | 31.12.2024 | 19 | 58.77 |
| 6 | 31.12.2024 | 72 | 56.70 |
| 7 | 31.12.2024 | 44 | 53.64 |
| 8 | 31.12.2024 | 10 | 54.24 |
| 9 | 31.12.2024 | 5 | 60.90 |
| | Total- | 355 | 61.94 |

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0)**

### 3. मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर–

मेसर्स एफकॉन्स द्वारा निर्माणाधीन 870 नग पेयजल परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी एवं कार्यों की वर्तमान प्रगति से असंतुष्टि जाहिर की गयी।। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यों की गुणवत्ता व सामाग्रियों के परीक्षण हेतु टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 से पूछे जाने पर डी0पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया गया कि साइटों पर इंजीनियरों द्वारा सामग्री का परीक्षण कराकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान पाइपों के ऊपर मानक के अनुसार गहराई सुनिश्चित कर लिया जाय एवं हाउस कनेक्शन की ग्राउटिंग ठीक से करायें तथा समस्त कार्य गुणवत्तापूर्ण मानक के अनुरूप करायें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक श्री अनिल कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स एफकॉन्स द्वारा निर्माणाधीन 33 नग पेयजल योजनाओं का सर्वे कराया गया। सर्वे के दौरान मात्र 8 नग साइटों पर कार्य आरम्भ पाया गया। कम्पनी द्वारा ऐसी कार्य प्रणाली पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र पर्याप्त मात्रा में मैनपॉवर बढ़ाकर कार्यों में अपेक्षित प्रगति लायें अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | 16597 | 13136 | 374050 | 302576 | 2056 | 1996 | 853 | 517 | 869 | 80 | 2253 | 338 |

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2024 | 60 | 73.00 |
| 2 | 30.06.2024 | 47 | 70.04 |
| 3 | 30.06.2024 | 53 | 67.11 |
| 4 | 30.06.2024 | 92 | 66.48 |
| 5 | 30.06.2024 | 129 | 88.00 |
| 6 | 30.06.2024 | 134 | 64.25 |
| 7 | 30.06.2024 | 81 | 52.42 |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | 30.06.2024 | 101 | 62.05 |
| 9 | 30.06.2024 | 85 | 61.02 |
| 10 | 30.06.2024 | 41 | 53.17 |
| 11 | 30.06.2024 | 47 | 54.47 |
| **Total** | | **870** | **63.02** |

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0)**

4. जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में कार्य कर रही समस्त आई0एस0ए0 के कार्यों की समीक्षा की गयी एवं संस्था द्वारा कराये गये कार्यों के भुगतान की भी समीक्षा की गयी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि संस्थाओं द्वारा प्रथम एवं द्वितीय फेज में कराये गये कार्यों का सत्यापन कराकर भुगतान करायें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, समस्त आई0एस0ए0)**

5. बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त जूनियर इंजीनियरों को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने कार्य क्षेत्र के समस्त पेयजल योजनाओं का योजनावार विवरण व प्रगति एक पेज में बनाकर प्रस्तुत करें। अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
जौनपुर

(डा0 दिनेश चन्द्र)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जौनपुर 3/12/2024

पत्रांकः 1063 /जल जीवन मिशन/298 दिनांकः 03/12/2024

<u>प्रतिलिपि–</u> निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर।
3. जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
5. उपजिलाधिकारी, तहसील (सदर, शाहगंज, मछलीशहर, मड़ियाहूँ, केराकत, बदलापुर), जौनपुर।
6. डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर/मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), जौनपुर।

जिलाधिकारी
जौनपुर

Scanned with CamScanner